भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2871

उत्तर देने की तारीख 19 मार्च, 2021

शुक्रवार, 28 फाल्गुन, 1942 (शक)

राजस्थान में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना

2871 श्री नीरज डांगी:

क्या **कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत राजस्थान में कितने लोगों को प्रशिक्षित किया गया है, तत्संबंधी वर्ष-वार और जिले-वार ब्योरा क्या है;

(ख) इस योजना के अंतर्गत विगत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान को कितनी राशि आवंटित की गई है, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्योरा क्या है;

(ग) इस योजना के अंतर्गत कितने लोगों को प्रशिक्षण और रोजगार प्राप्त हुआ है; और

(घ) क्या योजना में दिए जाने वाले प्रशिक्षण और राजस्थान के लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कोई अध्ययन या विश्लेषण किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री राज कुमार सिंह)

(क) और (ग) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 2.0 के तहत पिछले तीन वर्षों (वित्त वर्ष 2017-18 से 2019-20) के दौरान राजस्थान राज्य के 7.51 लाख उम्मीदवारों सहित देश भर में 87.39 लाख उम्मीदवारों को प्रशिक्षित/उन्मुख किया गया है। पीएमकेवीवाई 2.0 के तहत 19.01.2021 तक राजस्थान राज्य में प्रशिक्षित/उन्मुख उम्मीदवारों की जिलावार संख्या **अनुबंध** में दी गई है।

पीएमकेवीवाई 2.0 के नियोजन संबद्ध अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) घटक के तहत 19.01.2021 तक 36.04 लाख उम्मीदवारों को प्रमाणित किया गया है जिनमें से 18.95 लाख उम्मीदवारों को देश भर में नियोजित किया गया है। इसी प्रकार राजस्थान राज्य में एसटीटी के तहत प्रमाणित 2.82 लाख उम्मीदवारों में से 1.51 लाख उम्मीदवारों को नियोजित किया गया है।

(ख) पीएमकेवीवाई के दो घटक नामत: केंद्र प्रायोजित केंद्र प्रबंधित (सीएससीएम) और केंद्र प्रायोजित राज्य प्रबंधित (सीएसएसएम) हैं। सीएससीएम घटक में निधियों का राज्यवार आवंटन करने का कोई प्रावधान नहीं है जबकि पीएमकेवीवाई 2.0 के सीएसएसएम घटक के तहत किए गए 70.96 करोड़ रुपए के कुल संशोधित आवंटन में से राजस्थान राज्य को 26.19 करोड़ रुपए उनके प्रशिक्षण निष्पादन के आधार पर जारी किए गए हैं।

(घ) पीएमकेवीवाई स्कीम के तहत क्षेत्रवार और राज्यवार कौशल अंतराल अध्ययन राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा किया जाता है जिसके आधार पर प्रशिक्षण योजना तैयार की जाती है। इसे पीएमकेवीवाई 3.0 के तहत और भी विकेंद्रीकृत किया गया है जिसमें जिला कौशल समितियों को स्थानीय मांग की पहचान करने का कार्य सौंपा गया है जिसके आधार पर जिले में प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाती है।

अनुबंध

पीएमकेवीवाई 2.0 के तहत 19.01.2021 तक राजस्थान राज्य में पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रशिक्षित/उन्मुख उम्मीदवारों की जिलावार संख्या नीचे दी गई है:

क्र.सं.	जिला	प्रशिक्षित/उन्मुख
1.	अजमेर	76,591
2.	अलवर	44,520
3.	बांसवाड़ा	8,243
4.	बरन	6,665
5.	बाड़मेर	8,497
6.	भरतपुर	26,158
7.	भीलवाड़ा	15,033
8.	बीकानेर	14,232
9.	बूंदी	9,446
10.	चित्तौड़गढ़	20,147
11.	चुरू	18,595
12.	दौसा	18,345
13.	धौलपुर	9,458
14.	डूंगरपुर	5,084
15.	गंगानगर	44,226
16.	हनुमानगढ़	36,500
17.	जयपुर	1,26,173
18.	जैसलमेर	11,476
19.	जालौर	4,502
20.	झालावाड़	16,944
21.	झुंझुनू	58,524
22.	जोधपुर	25,309
23.	करौली	6,275
24.	कोटा	13,326
25.	नागौर	18,170
26.	पाली	10,549
27.	प्रतापगढ़	1,945
28.	राजसमंद	9,242
29.	सवाई माधोपुर	20,527
30.	सीकर	32,874
31.	सिरोही	5,864
32.	टोंक	12,844
33.	उदयपुर	15,435
योग		**7,51,719**

****